पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 02 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 05.09.2023

दिनांक 04/05-09-2023 को रात्रि थाना आशियाना 01, बिजनौर 01 एवं एन0बी0डब्लू0 में थाना मोहनलालगंज 03 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 02 अभियुक्त एवं एन0बी0डब्लू0 में 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

डी0सी0पी0 पश्चिमी

अवैध शराब के साथ गिरफ्तार।

थाना बीबीडी-दिनांक 04.09.2023 को उ0नि0 श्री मनोज कुमार सिंह थाना बीबीडी लखनऊ द्वारा दौराने गस्त मय मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01-सुशील कुमार पुत्र नागेश्वर प्रसाद निवासी ग्राम चन्दियामऊ थाना बीबीडी जनपद लखनऊ को ग्राम भैसौरा गाँव से आगे ट्रान्सफार्मर के पास थाना बीबीडी से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 05 लीटर अवैध देशी शराब बरामद कर थाना बीबीडी पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

थाना गुडम्बा-दिनांक 04.09.2023 को उ0नि0 श्री सुरेश कुमार थाना गुडम्बा लखनऊ द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01-सुशील पुत्र स्व0 राम चन्द्र पता- ग्राम मिश्रीपुर थाना बीकेटी जनपद लखनऊ उम्र 32 वर्ष को अंग्रेज फार्म के दूसरी तरफ खाली पडे प्लाट से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से अवैध रूप से बिक्री करते हुए कुल 03 लीटर (15 अदद कागज के टेट्रा पैक विन्डीज प्रत्येक 200 मिली0) देशी शराब बरामद कर कर थाना गुडम्बा पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

भा0द0वि0

थाना निगोहां-दिनांक 05.09.2023 को थाना निगोहां द्वारा बताया गया कि श्री लालाराम पुत्र स्व0 पुरई रावत निवासी-निगोहां जनपद लखनऊ ने थाना निगोहां पर सूचना दिया कि आज दिनांक 05.09.2023 को समय करीब 06.30 बजे प्रातः को गांव के लोगों द्वारा उसे पता चला कि उसके पुत्र प्रमोद कुमार उम्र करीब 25 वर्ष ने जो कि नशे का आदी था, ने घर से करीब 500 मी0 की दूरी पर गांव के किनारे स्थित आम की बाग में आम के पेड़ की डाल से नायलॉन की रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री राजेश कुमार मो0नं0 8299607261 थाना निगोहां द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक मजदूरी करता था।

थाना गोमतीनगर विस्तार-दिनांक 05.09.2023 को थाना निगोहां द्वारा बताया गया कि श्री अजीत कुमार पुत्र शिवसागर निवासी-ग्राम रसूलपुर थाना तालगांव जनपद सीतापुर ने थाना गोमतीनगर पर सूचना दिया कि उसके बड़े भाई अजय शर्मा उम्र करीब 21 वर्ष गली नं0.06 कौशलीपुरी निकट विवाह वाटिका के सामने वाली गली थाना गोमतीनगर विस्तार लखनऊ मे किराये के मकान में रहता था। जिसकी मकान मालकिन रंजना सिंह हैं। उसके भाई अजय शर्मा उपरोक्त ने दिनांक 04/05.09.2023 की रात्रि में अपने उक्त किराये के मकान में कमरे के छत में लगे टीन शेड के लोहे के एंगल से रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री अमित कुमार सिंह मो0नं0 9453115773 द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक लखनऊ में रहकर बाराबंकी से पढ़ाई कर रहा था और पत्रकारपुरम लखनऊ में सब-वे नाम के आइसपार्लर में नौकरी करता था। मृतक अविवाहित था।

<u>थाना गाजीपुर</u>-दिनांक 05.09.2023 को थाना गाजीपुर द्वारा बताया गया कि वादी श्री जय करन नाथ मिश्रा पुत्र श्री सालिक राम मिश्रा निवासी-बी0-10 ब्रह्मपुरी, थाना गाजीपुर लखनऊ ने थाना गाजीपुर पर सूचना दिया कि विगत 12 अगस्त को वादी अपने बेटे के पास बैंगलोर गया हुआ था। घर के प्रथम तल पर किरायेदार श्री बृजेश पाठक जो कि सहारा सिटी, गोमतीनगर में कार्यरत है, निवास करते हैं। किरायेदार बृजेश पाठक उपरोक्त भी 28 अगस्त की शाम को आवश्यक कार्य हेतु अपने गृह जनपद बलिया चले गये थे। वादी दिनांक 03.09.2023 को रात्रि करीब 09.30 बजे अपने उक्त आवास पर वापस आया तो घर के अन्दर प्रवेश करने पर पता चला कि घर में चोरी हो गयी है। अज्ञात चोरों द्वारा वादी के घर की खिड़की की लोहे की ग्रिल काटकर घर में घुसकर बेडरूम का ताला तोड़कर कमरे में रखे आलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के कीमती जेवरात, चांदी के गणेश लक्ष्मी की मूर्ति व लगभग 60 हजार रूपये को चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना गाजीपुर पर मु0अ0सं0-390/2023 धारा 380/457 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**